## न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चित्तौड़गढ़

### पीठासीन अधिकारीः– प्रभा गौतम (आर.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 163/2024<br>(GCMS 2024/163) | 18.11.2024 | 27.12.2024 |

**उनवान**

सरकार जरिये घनश्याम लाल शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौड़गढ़ (राज.)

**प्रार्थी**

**बनाम**

1–अभिषेक सिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह (मैनेजर), मैसर्स बी. आर. बास्कीन रॉबिन्स (Dee's Delights Baskin Robbins) निम्बाहेड़ा रोड़, रेलवे स्टेशन रोड़, चित्तौड़गढ़, जिला चित्तौड़गढ़

2–श्रीमति पायल मुखर्जी M/s Dee's Delights Baskin Robbins (मालकीन), 404, सिविल लाईन्स वीजन कॉलेज के सामने, उदयपुर रोड़, चित्तौड़गढ़, जिला चित्तौड़गढ़

**अप्रार्थीगण**

**–:: जुर्म अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii) एफएसएस एक्ट 2006 नियम 2011 ::–**

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम लाल शर्मा ने परिवाद अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii) के तहत विरूद्ध अप्रार्थी के प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनांक 14.03.2024 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौड़गढ़ में खाद्य सुरक्षा

